सेमिनार में देश की लोकतांत्रिक नींव की ताकत पर हुई चर्चा

जासं, रांची : भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची में राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। देश की लोकतांत्रिक नींव की स्थाई ताकत के प्रतिबिंब, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के प्रति प्रतिबद्धता को लेकर चर्चा की गई।

सेमिनार में उन मूल्यों पर जोर दिया गया जो देश के जीवंत लोकतंत्र की आत्मा को परिभाषित करते हैं। सेमिनार के दौरान प्रो. अंगशुमन हजारिका ने कई आवश्यकताओं को समायोजित करने के लिए लचीलेपन को सुनिश्चित करने में दूरदर्शिता पर जोर देते हुए संविधान कैसे लागू हुआ, इसकी अनूठी यात्रा की

भारतीय प्रबंधन संस्थान में हुए सेमिनार में उन मूल्यों पर जोर दिया गया जो देश के जीवंत लोकतंत्र की आत्मा को परिभाषित करते हैं

जानकारी दी गई। वहीं प्रो. साक्षी ने देश की प्रस्तावना पढ़कर संविधान में निहित मौलिक मूल्यों और उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रो. आदित्य शंकर मिश्रा ने एक कहानी सुनाई जिसमें बताया गया कि कैसे लोग अक्सर इसके गहन अर्थ को समझे बिना प्रस्तावना या संविधान को पढ़ते हैं। उन्होंने एकता के प्रतीक संविधान में मैं के बजाय हम से शुरुआत करने के जानबूझकर किए गए विकल्प के बारे बताया।

Dainik Jagran, 28.11.2023, P.5